0L5EVUF

# संकलित परीक्षा - I (2013)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा - IX

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ**।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खंड: क (अपठित बोध)

1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए ।** 12

घर वालों से शिष्ट व्यवहार करना उतना ही ज़रूरी है, जितना कि बाहर वालों से। घर में दूसरों का ख्याल रखने और अच्छा व्यवहार करने से नज़दीकी और अपनापन बढ़ता है। विनम्रता का मतलब है-अच्छी तहज़ीब का पालन।

खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फ़ायदे हैं, किंतु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते। कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफल हो सकते हैं, मगर ज़्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं, और आख़िरकार ऐसे लोग नापसंद किए जाते हैं। बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाला बन सकें। एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें, तो वह उम्र-भर साथ रहता है। यह दूसरों का ख्याल रखने और संवेदनशील होने के नज़रिए को दर्शाता है। ऐसी बातें बहुत छोटी और साधारण लगती हैं, लेकिन इंसान को बहुत दूर तक ले जाती हैं। उदाहरण के लिए - 'कृपया', 'शुक्रिया', 'धन्यवाद' और 'मुझे क्षमा कर दीजिए' जैसे चंद शब्द जादू का असर दिखाते हैं।

(i) शिष्ट और अच्छा व्यवहार क्यों आवश्यक है?

(ii) विनम्रता का अर्थ है - विनम्रता में प्रयुक्त उपसर्ग बताते हुए विनम्रता का अर्थ लिखो।

(iii) कठोर और असभ्य लोगों का जीवन पूर्ण रूप से सफल क्यों नहीं होता?

(iv) बच्चों को बचपन से ही कैसी शिक्षा देनी चाहिए और क्यों?

(v) किन शब्दों में जादू का असर होता है? और क्यों?

(vi) (क) 'विनम्र' शब्द का विलोम बताइए

(ख) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

2 **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तरों वाले विकल्प छाँटकर लिखिए।** 8

मनाना चाहता है आज ही ?

तो मान ले

त्योहार का दिन

आज ही होगा।

उमंगे यों अकारण ही नहीं उठतीं।

न अनदेखे इशारों पर,

कभी यों नाचता है मन।

खुले-से लग रहे हैं द्वार मंदिर के

बढ़ा पग-

मूर्ति के श्रृंगार का दिन

आज ही होगा।

न जाने आज क्यों जी चाहता है

स्वर मिलाकर

अनसुने स्वर में किसी के

कर उठे जयकार।

न जाने क्यों

बिना पाए हुए ही दान,

याचक मन

विकल है

व्यक्त करने के लिए आभार।

कोई तो, कहीं तो,

प्रेरणा का स्रोत, होगा ही,

उमंगें यों अकारण ही नहीं उठतीं,

नदी में बाढ़ आई है,

कहीं पानी गिरा होगा।

(i) त्योहार मनाने के लिए क्या आवश्यक है? त्योहार आज ही कैसे मनाया जा सकता है?

(ii) जैसे नदी में बाढ़ का उदाहरण क्यों दिया है?

(iii) याचक मन का क्या अर्थ है? वह क्यों व्याकुल है?

(iv) कविता का केंद्रीय भाव लिखिए।

## खंड: ख (व्यवहारिक व्याकरण)

3 (क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण–विच्छेद कीजिए। 5
परिस्थिति, निश्चित

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार के उचित प्रयोग वाले उदाहरण चुनकर लिखिए।
मैनें, आनंद, तुमंहे, संतुलन

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर लगे अनुनासिक के प्रयोग वाले शब्द लिखिए।
गुड़ियाँ, ऊटँ, महँगा, तितँली

(घ) निम्न शब्दों में उपयुक्त स्थान पर लगे नुक्ते के प्रयोग वाले शब्द लिखिए।
कंपन, फ़लक, लिफ़ाफ़ा, अड़ना

4 (क) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए : 4

(i) नौ+इक (ii) उत् +हार

(ख) निम्नलिखित शब्दों में संधि–विच्छेद कीजिए :

(i) मनोविकार (ii) तन्मय

5 (क) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द व प्रयुक्त उपसर्ग को अलग-अलग कीजिए। 6

आचरण

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रयुक्त प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए।

सृजित, विदाई

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाकर लिखिए।

(i) इंटरनेट ने आज एक क्रांति ला दी है

(ii) अर्थवान शब्द ही मान्य होते हैं निरर्थक नहीं

(iii) मैंने एवरेस्ट को निहारा जो नेपालियों में सागरमाथा के नाम से प्रसिद्ध है।

## खंड: ग (पाठ्य-पुस्तक)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2+2+1)**

6(i) 'दु:ख का अधिकार' एक समान क्यों नहीं होता ? 2

6(ii) एवरेस्ट की चोटी पर कौन-सी समस्या खतरा बनकर खड़ी थी ? 2

6(iii) 'धूल' पाठ का मूल भाव क्या है? 1

7 अतिथि जब चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या - क्या परिवर्तन आए? 5

8 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिजिए-** 5

मैंने उसे दृढ़तापूर्वक कहा, ''मैं भी औरों की तरह एक पर्वतारोही हूँ, इसीलिए इस दल में आई हूँ। शारीरिक रूप से मैं ठीक हूँ। इसलिए मुझे अपने दल के सदस्यों की मदद क्यों नहीं करनी चाहिए।'' की हँसा और उसने पेय पदार्थ से प्यास बुझाई, लेकिन उसने मुझे अपना किट ले जाने नहीं दिया।

(i) किसने किससे दृढ़तापूर्वक कहा ?

(ii) यह कौन सा दल है ? इस दल का क्या कार्य है ?

(iii) 'की' क्यों हँसा और उसने अपना किट क्यों नहीं ले जाने दिया ?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2+2+1)**

9(i) लाख कोशिशें करने पर भी बिगड़ी बात क्यों नहीं बनती ? 2

9(ii) प्रभु ने संसार रूपी सागर से किन – किन को पार लगाया है ? रैदास के पद के आधार पर लिखिए। 2

9(iii) कवि ने नट के किस गुण के कारण उसका उदाहरण प्रस्तुत किया है ? 1

10 गाँव के बचपन और शहर के बचपन में क्या अंतर होता है ? 5

11 लेखक से कुँऐ में चिट्ठियाँ गिर जाने पर बड़े भाई द्वारा पीटने का डर सता रहा था । अक्सर बच्चों को घर पर माता – पिता या अन्य किसी सदस्य द्वारा पीटने या डाँटने का डर सताता है। बच्चों के साथ क्या मार पीट उचित है ? तर्क सहित लिखिए । 5

## खंड: घ (लेखन)

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

12(i) **हिन्दी साहित्य की उपेक्षा** 5

(क) हमारी मातृ भाषा

(ख) पठकों का घटता रूझान और कारण

(ग) उपेक्षाभाव दूर करने के उपाय

**अथवा**

12(ii) **लोकप्रियता का आधार - चालाकी और चतुराई** 5

(क) लोकप्रियता का अर्थ

(ख) लोकप्रियता की चाह

(ग) प्रभावितयुवावर्ग

**अथवा**

12(iii) **आत्माविश्वास औरघमण्ड** 5

(क) अर्थ

(ख) कारण औरपरिणाम

(ग) किसे अपनाना चाहेंगे और क्यों?

13 छात्रावास की दिनचर्या के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए। 5

14 **चित्र वर्णन** 5

दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को अपनी भाषा में लगभग 20-30 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए।



15 ''मित्रता की नींव'' विषय पर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए। 5

16 राजधानी पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल को विभिन्न विषयों में व्याख्याताओं की आवश्यकता है। 20-25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

*****